This question paper contains 7 printed pages]

*Your Roll No.................*

**7934**

**LL.B./II Term** **E**

Paper LB-205—PUBLIC INTERNATIONAL LAW—I

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** :—इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

कोई **पाँच** प्रश्न कीजिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. (*a*) Explain the basis of international law with the help of jurisprudential theories. 10

(*b*) "There is no general rule that the individual cannot be a 'subject of international law' and in particular contexts he appears as a legal person on the international plane." Do you agree with this view of Ian Brownlie ? Critically comment on the status of individuals as a subject of International law. 10

(अ) विधिशास्त्रीय सिद्धान्तों की सहायता से अन्तर्राष्ट्रीय विधि के आधार को स्पष्ट कीजिए।

(ब) "ऐसा कोई साधारण नियम नहीं है कि व्यक्ति 'अन्तर्राष्ट्रीय विधि का विषय" नहीं हो सकता और प्रसंग विशेष में वह अन्तर्राष्ट्रीय फलक पर विधिक व्यक्ति के रूप में प्रकटता है।" क्या आप इयान ब्राउनली के विचार से सहमत हैं ? अन्तर्राष्ट्रीय विधि के विषय के रूप में व्यक्तियों की प्रास्थिति के बारे में समालोचनात्मक टिप्पणी लिखिए।

2. What do you understand by "evidence of a general practice accepted as law" in relation to international custom ? Discuss how international courts have decided on the validity of international custom with the help of cases. 20

अन्तर्राष्ट्रीय रूढ़ि के सम्बन्ध में "विधि के रूप में स्वीकृत साधारण परिपाटी के साक्ष्य" से आपका क्या अभिप्राय है ? केसों की सहायता से विवेचन कीजिए अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालयों ने अन्तर्राष्ट्रीय रूढ़ि की विधिमान्यता पर किस प्रकार विनिश्चय किया है ?

3. (*a*) What are general principles of law recognized by civilized nations ? Discuss how the principles of '*res judicata*' and '*estoppel*' have been applied by the international court of justice in different cases. 10

(*b*) Briefly comment on consular privileges and immunities. 10

(अ) सभ्य राष्ट्रों द्वारा मान्यताप्राप्त विधि के क्या साधारण सिद्धान्त हैं। विवेचन कीजिए कि अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा विभिन्न केसों में '**पूर्वन्याय**' और '**विबन्ध**' के सिद्धान्तों को किस प्रकार लागू किया गया था ?

(ब) कौंसलीय विशेषाधिकारों और उन्मुक्तियों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

4. (*a*) What is the basis of state responsibility ? Explain how the principle of state responsibility was applied in *Nicaragua case* (Nicaragua *Vs*. USA, ICJ Rep. 1986 p. 14). 10

(*b*) Explain the different forms of reparation by referring to the ILC Draft Code on Responsibility of States for Internationally Wrongful Acts, 2001. 10

(अ) राज्य उत्तरदायित्व का क्या आधार है ? स्पष्ट कीजिए **निकारागुआ केस** (निकारागुआ **बनाम** यू.एस.ए. आई.सी.जे. रैप 1986 p 14) में राज्य उत्तरदायित्व के सिद्धान्त को किस प्रकार लागू किया गया था।

(ब) अन्तर्राष्ट्रीय रूप में दोषपूर्ण अधिनियमों, 2001 हेतु राज्यों के उत्तरदायित्वों पर आई.एल.सी. ड्राफ्ट कोड को निर्दिष्ट करते हुए हानिपूर्ति के विभिन्न रूपों की व्याख्या कीजिए।

5. Explain the relevance of Blackstonian doctrine while deciding the relationship between international law and municipal law. What is the practice of applicability of International treaty law and customary law in India ? Elucidate your answer with the help of cases. 20

अन्तर्राष्ट्रीय विधि और म्युनिसिपल विधि के बीच सम्बन्ध को विनिश्चित करते समय ब्लैकस्टोनियन सिद्धान्त की प्रासंगिकता की व्याख्या कीजिए। भारत में अन्तर्राष्ट्रीय संधि विधि और रूढ़िगत विधि की अनुप्रयुक्तता की क्या परिपाटी है ? अपने उत्तर की केसों की सहायता से विशद व्याख्या कीजिए।

6. Explain the extent of territorial sea and contiguous zone and the rights enjoyed by the states in these areas. Explain how is straight baseline system applied to measure territorial waters with the help of *Anglo-Norwegian Fisheries* case. 20

राज्यक्षेत्रीय समुद्र और संलग्न क्षेत्र की विस्तृति और इन क्षेत्रों में राज्यों द्वारा अधिभुक्त अधिकारों को स्पष्ट कीजिए। **एंग्लो-नार्वेजियन फिशरीज** केस की सहायता से राज्यक्षेत्रीय समुद्र के मापन के लिए स्ट्रेट बेसलाइन सिस्टम को किस प्रकार लागू किया जाता है ?

7. (*a*) Briefly comment on the influence cast upon the UNCLOS, 1982 by the *North Sea Continental Shelf* cases on delimitation of adjacent and opposite maritime boundaries. 10

(*b*) Comment on extra territorial jurisdiction of State. 10

(अ) समीपस्थ और सम्मुख की सामुद्रिक सीमाओं के परिसीमन पर नॉर्थ सी कॉंटीनेन्टल शैल्फ केसों द्वारा **यू.एन.सी.एल.ओ.एस.**, 1982 पर डाले गए प्रभाव पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(ब) राज्य के अतिरिक्त राज्यक्षेत्रीय क्षेत्राधिकार पर टिप्पणी लिखिए।

8. What are the three generation human rights ? Discuss in detail the implementation of the human rights recognised by the International Covenant on Civil and Political Rights, 1966 and the International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights, 1966. 20

तीन पीढ़ीय मानव अधिकार क्या हैं ? इंटरनेशनल कॉवेनेन्ट ऑन सिविल एंड पॉलीटिकल राइट्स, 1966 और इन्टरनेशनल कॉवेनेन्ट ऑन इकोनोमिक, सोशल एंड कल्चरल राइट्स, 1966 द्वारा मान्यताप्राप्त मानव अधिकारों के कार्यान्वयन का सविस्तार विवेचन कीजिए।